## महत्वपूर्ण एवं खास

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में 27 जून को नगर निगम ऑडिटोरियम में होगा करियर काउंसलिंग सेमीनार व प्रतिभा सम्मान समारोह

**रायगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 जून को कक्षा दसवीं से 12वीं एवं कालेज में अध्ययन कर रहे बच्चों के लिए बेहतर भविष्य की रूपरेखा तय करने एवं सफलता हासिल करने के तरीकों को बताने के उद्देश्य से कैरियर मार्गदर्शन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़ में दोपहर 02 बजे से आयोजित किया जाएगा। करियर गाइडेंस कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा भारतीय पुलिस सेवा राज्य प्रशासनिक सेवा सैन्य सेवा चिकित्सा में प्रवेश इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में प्रवेश विधि सेवा शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कंप्यूटर शिक्षा के साथ अन्य विषयों में भविष्य में उपलब्ध संभावनाओं एवं सफल होने के तरीकों के बारे में बच्चों एवं उनके पालकों को विशेषज्ञों द्वारा अवगत कराया जाएगा।

### जीएसटी में पदस्थ कई अफसर इधर से उधर

**रायपुर (आरएनएस)।** भोपाल कैडर नियंत्रण क्षेत्र में लंबे समय से जमे सेंट्रल जीएसटी केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क के सुपरिटेंडेंट का बड़े पैमाने पर तबादला हुआ है. इसमें जो लम्बे समय से रायपुर में पदस्थ थे उन्हें नागपुर और भोपाल भेज दिया गया है।

### ऑपरेशन निजात से संवर रहा युवाओं का भविष्य

**रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर, रायगढ़, महासमुंद, कोरिया और अन्य जिले में पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए निजात अभियान के माध्यम से नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और लोगों को नशे की लत छोडकऱ सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अधिकतर युवाओं को स्कूल के दौरान गलत सांगत के वजह से शराब और गांजे की लत लग जाती है और नशे की लत के कारण युवा अपनी पढ़ाई छोड़ देते हैं। इस लत के वजह से उनका पारिवारिक और वैवाहिक जीवन भी नारकीय हो जाता है। निजात अभियान के कारण सैकड़ों युवाओं ने नशा छोड़ दिया है और अब उनका जीवन भी सुखमय हो गया है। ये सब निजात अभियान के कारण ही संभव हुआ है।

### दो ट्रकों में हुई भिड़ंत, चालक केबिन में फंसा

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग पर मड़वारानी के निकट आज सुबह दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें चालक केबिन में ही फंसा रहा। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और चालक को बड़ी मशक्कत से केबिन से बाहर निकाल कर उपचार हेतु अस्पताल दाखिल कराया, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक कोरबा की ओर से जा रही कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेसी 7403 और चांपा की ओर से आ खाली आ रही ट्रक सीजी12 बीएल 4200 में आज सुबह भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में जहां एक ट्रेलर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं उसका चालक केबिन में फंस गया और बुरी तरह से तपड़ते हुए बेसुध हो गया। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने आनन फानन में इसकी सूचना डायल 112 को दी। जिस पर उसके जवाने तत्काल मौके पर पहुंचे और केबिन में फंसे चालक को किसी तरह निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी हैं।

# उप मुख्यमंत्री साव ने ली पीडब्ल्यूडी, पीएचई एवं नगरीय निकाय की समीक्षा बैठक : जल जीवन मिशन के कार्य मिशन मोड पर पूर्ण करने के दिए निर्देश

- अधिकारी काम की गुणवत्ता और समय-सीमा का रखें विशेष ध्यान -उप मुख्यमंत्री अरूण साव

**रायगढ़**




उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने रायगढ़ प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरीय प्रशासन विभाग के कामकाम की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि सभी अधिकारी उनके दिए गए जिम्मेदारियों का स्वयं मूल्यांकन करते हुए कामों को बेहतर ढंग से पूरा करें। पीडब्ल्यूडी, पीएचई और नगरीय निकाय में किए जा रहे सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष रूप से ख्याल रखें। काम समय से पूरे होते हैं तो न केवल लोगों की विश्वसनीयता बढ़ती है और विभाग की छवि मजबूत होती है।

उप मुख्यमंत्री साव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान ईई पीडब्लूडी से जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि कार्यों का सही समय में गुणवत्ता के साथ पूरा होना जरूरी है। काम में देरी से जहां काम की लागत बढ़ती है और गुणवत्ता भी प्रभावित होती है वहीं लोगों को सुविधाएं मिलने में भी विलंब होता है। इसलिए आवश्यक है कि काम समय से पूरे किए जाएं, गुणवत्ता नियंत्रण के लिए अधिकारी लगातार फिल्ड पर निरीक्षण करें। कही समस्या आने पर उच्च अधिकारियों से सहयोग लें।

उप मुख्यमंत्री साव ने इसके पश्चात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की। सबसे पहले जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में जल जीवन मिशन के कार्य प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन के कार्यों की पूर्णता के लिए कार्य वर्गीकरण किया गया है। इसमें स्थल विवाद, जल स्रोत परीक्षण और बिजली की उपलब्धता शामिल हैं। तीनों कार्यों का पंचायत के माध्यम से वेरिफिकेशन किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत टंकियों के निर्माण से लेकर पानी की शुद्धता और उसकी पर्याप्त उपलब्धता के लिए तय गुणवत्ता के साथ कार्य किए जा रहे हैं जो आने वाले नवंबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पर डिप्टी सीएम साव ने कहा कि यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। योजना के तहत प्रत्येक घरों तक शुद्ध पानी की पर्याप्त आपूर्ति होनी है। यह प्रोजेक्ट न हो करके एक मिशन है, जो एक निश्चित समय-सीमा में पूरा किया जाना है। इसलिए जल जीवन मिशन के सभी कार्य मिशन मोड पर होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सभी ब्लाक के एसडीओ, सब इंजीनियर्स को लक्ष्य तय कर हैंडओवर सर्टिफिकेशन के लिए कार्य करने की बात कही। उप मुख्यमंत्री साव ने पीएचई में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण करने अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर इंजीनियर्स की जल्द ही पदस्थापना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैनपावर बढ़ाये जाने की दिशा में काम कर रहे है। इसके लिए शासन द्वारा सब इंजीनियर्स की भर्ती के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

इसके पश्चात उन्होंने नगर निगम और जिले के नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा की। नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी से निगम क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई। निगम कमिश्नर चंद्रवंशी ने बताया कि बरसात के समय शहर के निचले हिस्से में जल भराव की समस्या रहती है। इसलिए चिन्हांकित शहर के बड़े नालों की सफाई पोकलेन लगाकर की गई है। इसी तरह पानी निकासी की समस्या न हो इसलिए गैंग लगाकर शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई बरसात पूर्व कराई गई है। उन्होंने बताया कि अधोसंरचना मद से 27 कार्य प्रगति पर है। इसी तरह राज्य परिवर्तित योजनाओं के कार्य भी अपेक्षाकृत प्रगति पर है। इस दौरान उन्होंने जलजनित रोग के नियंत्रण के लिए निगम के बोर, हैण्डपंप के क्लोरिनेशन के साथ डब्ल्यूटीपी के पानी की आउटलेट, टंकी और घरों के आने वाले पानी की त्रिस्तरीय सैंम्पलिंग लेकर जांच की जा रही है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और निगम की टीम द्वारा जल जनित और डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड आदि के लिए डोर-टू-डोर जाकर जनजागरूकता लाने संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। निगम कमिश्नर चंद्रवंशी ने बताया कि यूआईडीएफ योजना के अंतर्गत मल्टीलेवल पार्किंग, डोर-टू-डोर सिवर कनेक्शन, मल्टी स्पोर्टस काम्प्लेक्स, केलो रिवर फ्रंट सहित शहर के विभिन्न सड़कों के अपग्रेडेशन के लिए करीब 127 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। इसमें आने वाले पांच सालों में शहर विकास के लिए कायाकल्प का कार्य होगा। उप मुख्यमंत्री साव ने नगर निगम और जिले के नगरीय निकाय के सभी सीएमओ को बिजली, पानी, सफाई, सड़क आदि के कार्यों के कार्यों को शासन के निर्देशानुसार तय कार्ययोजना के अनुसार करने को कहा। उन्होंने नगर निगम और निकाय में भविष्य के पांच सालों को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर निगम और निकाय के अधिकारी एक शहर के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। शासन की योजनाओं, विकास कार्यों की सुविधाओं का लाभ उस शहर के सभी लोगों तक पहुंचे यह लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को परम्परागत तरीके से कार्य को करने की आदत को बदलते हुए तकनीकी दृष्टिकोण से कार्यों को करने और अपना बेस्ट परफार्मेंस देने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, नगरीय निकाय ज्वाइंट डायरेक्टर राकेश जायसवाल, पीएचई चीफ इंजीनियर संजय सिंह, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप सहित जिले के नगरीय निकाय के सीएमओ, इंजीनियर्स आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिविल कोर्ट सहित राजस्व न्यायालयों में 13 जुलाई को होगा नेशनल लोक अदालत

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई 2024 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया है, जिसमें सिविल और राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन सम्बन्धी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे। विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 जुलाई को खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण सम्बन्धी, सुखाधिकार सम्बन्धी, विक्रयपत्र, दानपत्र, वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे। यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई 2024 में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकदमा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबन्ध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है।

## निर्माण कार्यों की प्रगति देखने स्थल निरीक्षण में पहुंचे उप मुख्यमंत्री

- समूह जल प्रदाय योजना व सड़क निर्माण का जायजा लेने पहुंचे
- सभी निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता व समय-सीमा में पूर्णता पर दिया विशेष जोर

**रायगढ़**



उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने आज अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान रायगढ़ क्षेत्र के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ द्वारा भेलवाटिकरा संबलपुरी समूह जल प्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किए।

निर्माणधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में उप मुख्यमंत्री अरूण साव को ईई पीएचई ने बताया कि आस पास के 29 गांवो में जलापूर्ति की सुविधा प्रदान करने के लिए यह ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए रॉ वॉटर केलो डैम से पानी लाकर उसका ट्रीटमेंट किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उप मुख्यमंत्री साव को वॉटर ट्रीटमेंट की कार्यविधि से अवगत करवाया। उप मुख्यमंत्री साव ने निश्चित समय अवधि में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिस पर अधिकारी द्वारा बताया गया कि आगामी मार्च तक काम पूरा करने की समय-सीमा तय की गई है। मौके पर उन्होंने केलो डैम के इंटेक वेल का का भी निरीक्षण किया, जहां से ट्रीटमेंट प्लांट में पानी सप्लाई किया जाएगा। ईई पीएचई ने बताया की इंटेक का बेस का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब ऊपरी हिस्सों का काम शुरू किया जा रहा है।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने रायगढ़ पूंजीपथरा घरघोडा-धरमजयगढ़ मार्ग के निर्माण कार्यों निरीक्षण कर अन्य निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। ईई पीडब्ल्यूडी ने बताया कि रायगढ़ पूंजीपथरा घरघोड़ा-धरमजयगढ़ मार्ग में 56 कि.मी.का कार्य किया जा रहा है, कुछ स्थानों में निर्माण कार्य चल रहे है जो एक सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा। इसी तरह खरसिया धरमजगढ़ मार्ग में 91 कि.मी. का कार्य किया जाना है। जो 42 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिस पर उप मुख्यमंत्री साव ने जिले में चल रहे सभी कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं सतत् फिल्ड निरीक्षण कर काम पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान गुरूपाल भल्ला, अरूणधर दीवान, पंकज कंकरवाल, आशीष ताम्रकार, मंजूल दीक्षित, प्रवीण त्रिवेदी, अजेश अग्रवाल, विनायक पटनायक, महेश शुक्ला, सतीश बेहरा, रवि भगत, मुख्य अभियंता पीएचई बिलासपुर परिक्षेत्र संजय सिंह, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, ईई पीडब्लूडी अमित कश्यप, एसडीओ पीडब्लूडी मुरारी सिंह नायक सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 1 जुलाई से लागू होने वाले नये संहिताओं के अनुरूप कार्यवाही हो सुनिश्चित- कलेक्टर गोयल

- शाला प्रवेशोत्सव के व्यापक तैयारियों के दिए निर्देश
- कलेक्टर गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़**

आगामी 1 जुलाई से नए कानून लागू हो जायेंगे, इसके संबंध में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नये कानून में प्रत्येक प्रकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित किया गया है। इसलिए विभागीय अधिकारी प्रो-एक्टिव रहे और अपने विभाग से संबंधित जो भी पूर्व की धाराएं लागू करते है उसके स्थान पर प्रभावी हो रहे नए कानून की धाराओं के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही नए न्याय संहिताओं का अपने स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उक्त बातें आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर गोयल ने महिला एवं बाल विकास विभाग को आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को उबला हुआ पानी पिलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने डीईओ एवं डीपीओ को आगामी एक सप्ताह के भीतर जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों के पानी टंकी को साफ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी में रिक्त सभी पदों पर जल्द भर्ती के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के साथ शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाएं। उन्होंने स्वास्थ्य और पंचायत विभाग को एक साथ नगरीय निकायों को इसमें कार्ययोजना के साथ फील्ड में काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए कहीं भटकना ना पड़े।

कलेक्टर गोयल ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ब्लॉकवार नल कनेक्शन वितरण की जानकारी और उनके चालू दशा में होने के फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने जल शक्ति अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी सहकारी समितियों में जन औषधि केंद्र खोले जाने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन जैसे विभिन्न प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण के कार्य शेष नहीं होने चाहिए। कलेक्टर गोयल ने सभी एसडीएम को जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के संबंध में रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। ताकि जनसामान्य को गांवों में लगने वाले शिविर के संबंध में जानकारी हो सके।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**शाला प्रवेशोत्सव की करें व्यापक तैयारी-** कलेक्टर गोयल ने कहा कि कल 26 जून से नये शिक्षण सत्र की शुरूआत होगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को शाला प्रवेशोत्सव की व्यापक तैयारी के संबंध में निर्देश दिए। डीईओ ने बताया कि 27 जून को जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी की गई है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव के दौरान हर्षोल्लास माहौल में सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्कूल में प्रवेश करायें। उन्होंने पूर्व वर्षो के सभी शाला त्यागी बच्चों को इस नये शिक्षण सत्र में शाला प्रवेश कराने के निर्देश दिए।

**केसीसी निर्माण के आवेदनों का हो त्वरित निराकरण-** कलेक्टर गोयल ने बैठक में किसानों के केसीसी निर्माण की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने केसीसी निर्माण के कार्य में प्रगति नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि समिति स्तर पर यदि किसान आवेदन दिए हैं, तो उसे भी जल्द निराकृत करें। कृषि विभाग के साथ पशुपालन, उद्यानिकी और मछली पालन विभाग कार्ययोजना बनाते हुए केसीसी निर्माण में प्रोग्रेस करें। अपेक्स बैंक के साथ अन्य बैंकों में लंबित आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करने के लिए कहा। कलेक्टर गोयल ने केसीसी निर्माण के कार्य को शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए।

**उल्टी-दस्त व डायरिया की न मिले शिकायत-** कलेक्टर गोयल स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी बरसात के दिनों में जिले में कही भी उल्टी-दस्त व डायरिया की शिकायत न मिले, इस पर अमल करते हुए विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस संबंध में जनसामान्य के बीच उल्टी-दस्त से बचाव के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

### अवैध गौण खनिज परिवहन करते तीन वाहन जब्त

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिला खनिज जांच दल द्वारा 22 जून एवं 25 जून 2024 को बस्तर जिले के अंतर्गत ग्राम बजावण्ड, बेलपुटी, भानपुरी, बनियागांव, आड़ावाल क्षेत्र का औचक निरीक्षण में गौण खनिज रेत के 3 वाहनों को अवैध गौण खनिज परिवहन करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओं के वाहनों को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त कार्यवाही कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार की गई है। साथ ही बजावण्ड एवं बेलपुटी में रेत का अवैध भण्डारण करने वाले दो व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

जिला खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि उक्त कार्यवाही के दौरान जिला खनिज जांच उडऩदस्ता दल के खनिज निरीक्षक मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही डिकेश्वर खरे,सीताराम नेताम,लोकेश कश्यप उपस्थित थे।

## चोरी की 7 मोटर सायकल के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार : प्लांट में वेल्डर और फीटर के काम की आड़ में शहर से चुरा रहे थे बाइक

- बाइक के लॉक खोलने में माहिर हैं शातिर चोर, पुलिस को मिले हैं आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड
- सक्रिय बाइक चोरों को पकड़ने में कोतरा रोड पुलिस को मिली सफलता

**रायगढ़**



बाइक चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एसपी दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र के संपत्ति संबंधी अपराधों में चालान हुए आरोपी तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर निगाह रखकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। इसी परिपेक्ष्य में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा मुखबिर लगाकर चोरी की बाइक में माल-मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी कि थाना कोतरारोड़ क्षेत्र से 20 जून को एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो सीजी 13 एक्स 4228 चोरी हुई थी, मामले में थाना कोतरारोड में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 236/2024 धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुलाजिम पतासाजी दौरान घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकला गया, फुटेज में दिख रहा है संदेही के फोटोग्राफ्स थाना प्रभारी अपने मुखबिरों को शेयर कर स्टाफ के साथ संदिग्ध के पतासाजी में जुटी हुई थी कि मुखबिर से चोरी मोटरसाइकिल पैशन प्रो को ग्राम उच्चभिट्ठी में रहने वाला राकेश कुमार चंद्रा चोरी कर छिपाकर रखे होने की सूचना दिया, तत्काल कोतरारोड़ पुलिस द्वारा किरोड़ीमल नगर आजाद चौक के पास संदेही राकेश कुमार चंद्रा को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी अखिलेश कश्यप मूल निवास ग्राम जोबी, नैला हाल मुकाम किरोड़ीमल नगर कोतरारोड़ के साथ 07 बाइक चोरी करना बताया, जिसमें एक जिंदल पार्किंग पतरापाली में पैशन प्रो मोटरसाइकिल CG13 AX 4228 को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी राकेश कुमार चंद्रा ने 03 बाइक अपने पास और 02 बाइक को उसका साथी अखिलेश कश्यप तथा चोरी के 02 बाइक को उसके गांव के चाचा मनोज कुमार चंद्रा के पास बिक्री करने हेतु रखना बताया।

कोतरारोड़ पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार चंद्रा के कब्जे से मोटर साइकिल पैशन प्रो सीजी 13 एक्स 4228, एक बजाज पल्सर और एक HF Deluxe मोटर सायकल की जप्ती की गई है।

आरोपी राकेश चंद्रा से मिली जानकारी पर पुलिस ने अखिलेश कश्यप को गणेश चौक किरोड़ीमल नगर उसके किराए मकान पर दबिश देकर हिरासत में लिया गया अखिलेश कश्यप से एक लाल रंग का हीरो सीडी डीलक्स और एक लाल काला रंग का पल्सर बाइक की जप्ती की गई है जिसके पश्चात पुलिस टीम ग्राम गलगलडीह थाना जैजेपुर आरोपी मनोज कुमार चंद्रा के निवास पर दबिश दिया आरोपी से एक बाइक यामाहा R15 और एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल सीजी 13 आर 9373 को उसके घर से बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों की संख्या एक से अधिक होने तथा आरोपी मनोज चंद्रा द्वारा चोरी की संपत्ति रखने पर प्रकरण में धारा 34, 411 आईपीसी विस्तारित किया गया। आरोपियों से चोरी की कुल 7 बाइक कीमती रु.5,30,000 बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

(1) राकेश कुमार चंद्रा पिता डोरीलाल उम्र 18 साल साकिन गलगलाडीह थाना जैजेपुर जिला सक्ती हाल मुकाम उच्चभिट्ठी थाना कोतरारोड़

(2) अखिलेश कुमार कश्यप पिता हरगोविंद कश्यप हाल मुकाम किरोड़ीमल नगर कोतरारोड़ जिला रायगढ़ मूल निवास कुलिकोटा ग्राम जोबी थाना नैला जिला जांजगीर, चांपा

(3) मनोज चंद्रा पिता मनहरण लाल उम्र 37 साल ग्राम गलगलाडीह थाना जैजपुर जिला सक्ती

आरोपियों की पृष्ठभूमि और वाहन चोरी का तरीका-

आरोपी राकेश कुमार चंद्रा तथा अखिलेश कुमार कश्यप स्थानीय प्लांट में ठेकेदार के अधीन वेल्डर और फीटर का काम करते थे। दोनों रायगढ़ से बाइक चोरी कर आरोपी राकेश कुमार के रिस्तेदार चाचा मनोज चंद्रा जो पूर्व में बोलेरो वाहन चोरी में चालान हुआ है के माध्यम से चोरी बाइक खपाते थे। दोनों आरोपी बाइक बड़े शातिर तरीके से लॉक को तोड़कर और व्हीकल स्टार्ट पांइट शॉर्ट कर स्टार्ट कर लिया करते थे।

**बरामद बाइक**

(1) मो. सा. फैशन प्रो सीजी 13 एक 4228 कीमत रु.70000/-

(2) एक बजाज पल्सर, इंजन नंबर DHZWDE53936, चेचीस नंबर MD2A11CZXDWE09608 कीमत 75.000/-

(3) HF Deluxe चेचिस नंबर MDZHACO43P9J55037 इंजिन नंबर HA11EBPQ9JO9959 है जिसका कीमत 75.000/-

(4) एक लाल काला रंग का हीरो कंपनी का सीडी डीलक्स, चेचिस नंबर MBLHAMAZG9195079 इंजन नंबर HA11EKG9J15288 कीमती 60000 रुपए

(5) एक लाल काला रंग का पल्सर, चेचिस नंबर MD2A11CY8JWA39746 इंजन नंबर DHYWJA43067 कीमत रु.60000

(6) यामाहा कंपनी का R15 चेचिस नंबर MEIRG6716L0029937 कीमत रु.12000

(7) एक हीरो होंडा मो. सा. CG13R9373

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480